हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 2 दिसंबर 2024

तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

09 कुरुद में होगी लेदर बॉल डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता



10 ठण्ड में मौसमी सब्जियों की महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का जायका





## खबर संक्षेप

### नागदेव मंदिर में शिव महापुराण आज से

**धमतरी।** नागदेव मंदिर हटकेशर में श्री नागदेव शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन आज से किया जा रहा है। कथा वाचक के रुप में नागमंदिर के पुरोहित नारायण कौशिक होंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार सात दिवसीय संगीतमय शिवपुराण के प्रथम दिवस सोमवार को कथा महात्म्य, मंगलवार को नारदमोह, शिवलिंग प्राकट्य, बुधवार को सती जन्म, सती चरित्र, शिव महिमा, गुरूवार को पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, शुक्रवार को कार्तिकेय जन्म, शालीग्राम तुलसी महिमा, शनिवार को दैत्यों का वध, शिवजी के विविध अवतार, रविवार को बारह ज्योतिर्लिंग की कथा, रूद्र महायज्ञ होगा। समापन का अवसर पर भंडारा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में नाग मंदिर समिति के अशोक पटेल, शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, नारायण देवांगन, जगत साहू, यशवंत देवांगन, तरूण भांडे, खिलावन श्रीवास, चैनसिंग साहू सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सनातन सेना के युवा जुटे हुए हैं।

### आज सैय्यद अमीनुल कादरी धमतरी में

**धमतरी।** हिंदुस्तान के मशहूर आलिमे दीन सैय्यद अमीनुल कादरी का 2 दिसंबर दिन सोमवार



को धमतरी आगमन हो रहा है। वह यहाँ अज़्मते अहले बैत व यादे सरकार सुफिये मिल्लत नामक एक इस्लामी जलसे में शिरकत करेंगे। चिश्तियां ग्रुप के मोहम्मद वसीम चिश्ती ने बताया कि उक्त प्रोग्राम बस्तर रोड स्थित ईदगाह में रात 10 बजे से शुरू होगा। इस जलसे में हिंदुस्तान के अन्य उल्माए कराम भी शिरकत करेंगे। इस्लामी जलसा प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए चिश्तिया ग्रुप के सभी मेंबर पिछले कई दिनों से जुटे हुए हैं।

### पीजीडीसीए की प्रायोगिक परीक्षा 2 दिसंबर को

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 2 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से होगी। सभी छात्राओं से प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### अधिकतम तापमान गिरा, न्यूनतम तापमान में वृद्धि

- आगामी 3 दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना

**धमतरी।** चक्रवाती तूफान फेंगल के प्रभाव से जिला का अधिकतम तापमान 3 डिग्री गिर गया है, वहीं न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री की वृद्धि हो गई है। आसमान पर बादल छाए हुए हैं। दो दिनों मौसम खराब रहने की संभावना बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को 11.30 बजे अक्षांश 12 अंश नार्थ तथा देशांतर 79.8 अंश इस्ट पर केंद्रित था। फेंगल तूफान कमजोर होकर एक गहन अवदाब के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। यह धीरे धीरे पश्चिम की ओर बढ़ते और कमजोर होकर उत्तरी तमिलनाडू के ऊपर अवदाब क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। इसके प्रभाव से दक्षिण छग के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। दो दिनों तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। कुछ जिलों में प्रातःकाल कोहरा छाने तथा आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। रविवार को धमतरी जिले का अधिकतम तापमान 26 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा।

स्थानीय महिलाओं को मिलेगा रोजगार

# गंगरेल पर्यटन में ई रिक्शा चलाने की उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध प्रवेश स्थल से दूसरे छोर के गार्डन तक ई रिक्शा चलाने की मांग गंगरेल सरपंच सहित पर्यटकों ने की है। ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व कलेक्टर नम्रता गांधी ने गंगरेल पर्यटन का जायजा लेकर ई रिक्शा संचालन तथा गार्डन को दुरूस्त करने की बात कही थी।

गंगरेल सरपंच ने बताया कि गंगरेल डैम में वाटर स्पोर्टस शुरु होने के बाद गंगरेल डैम की दूसरी ओर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पहले बांध के ऊपर गार्डन तक जाने के लिए पर्यटन विभाग की मिनी बस चलती थी। प्रतिबंध लगने के बाद लाखों की मिनीबस खड़े खड़े कबाड़ हो गई। कुछ माह पहले कलेक्टर ने ई रिक्शा चलाने से महिलाओं को रोजगार मिलने की बात कही थी, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई प्रयास नहीं हुआ। उनका कहना है कि गंगरेल-मरादेव के स्थानीय महिलाओं को ई रिक्शा का ट्रेनिंग देकर डैम के रास्ते में संचालन करने से स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिलेगा।



रविवार को गंगरेल पर्यटन को पहुंचे शीतल साहू, मनीषा साहू, राजकुमार डागा, सुरेश मीनपाल ने बताया कि गंगरेल डैम के रास्ते पर प्रतिबंध लगाने से उन्हें निराशा हुई है। वे पहले जब भी गंगरेल आते थे, बांध को करीब से देखने और गार्डन का मजा लेते थे। शासन प्रशासन ने एक तरफ पर्यटन का विस्तार किया तो पर्यटन का दूसरा खुबसूरत साइट को समाप्त कर दिया गया। पर्यटकों ने गंगरेल में समुचित पर्यटन विकास की मांग की है।

### बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट हाउसफूल

गंगरेल पर्यटन सीजन में बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट के सारे काटेज, पाली टेंट हाऊस हाउसफूल चल रहे हैं। यहां के मैनेजर कैलाश राय ने बताया कि चेन्नई और कलकत्ता के टूरिस्ट पिछले दो दिनों से ठहरे हुए हैं। इसके अलावा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असंकध सिंह ने बताया कि नवंबर, दिसंबर, जनवरी एवं फरवरी गंगरेल पर्यटन का विशेष समय रहता है। प्रदेश में मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध हो चुके गंगरेल के वाटर स्पोर्टस के लिए विभिन्न शहरों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। रविवार को दिनभर जेस्की, वाटरबोट, क्रूजबोट फर्राटे भरते रहे।

# चोरी की रकम पचा नहीं पाया नाबालिग

- ग्राम खरतुली के एक मकान से हुए थे जेवर, मोबाइल, नकद पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





व्यापारी



व्यापारी

गांव के एक घर से नाबालिग ने नगद सहित सोने चांदी के जेवर पार कर दिया। जेवरों को सोने चांदी की दुकान में बेचकर भी खूब एंजॉय किया। चोरी के बाद खुले हाथ से रूपया उड़ाना उसे महंगा पड़ गया। उसके खर्चों को देखते हुए पुलिस को शक हुआ और वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

घटना ग्राम खरतुली की है। 20 नवंबर को योगेश्वर साहू के मकान में रखे पेटी से अज्ञात चोर 1 जोड़ी चांदी की सांटी, 1 जोड़ी सोने का खिनवा, 2 नग सोने की पत्ती, 1 नग सोने की माला, 2 नग चांदी की चन्द्रमा माला, घर पर रखा पावर बैंक, आईटेल कम्पनी का एंड्रॉयड मोबाईल और 600 रुपए नगद ले उड़ा। चोरी गई सामग्री की कुल कीमती 27000 रूपए थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस चोर की तलाश में जुट गई थी। मुखबिरों का जाल बिछाया गया। अंततः 10 दिन बाद एक नाबालिग पुलिस के हाथ में आया। इस चोरी को उसने ही अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया है। पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से थाना अर्जुनी में उसके विरूद्ध 331(3), 305(ए) 238, 317, बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड धमतरी में पेश किया जाएगा।

### शातिराना तरीके से दिया अंजाम

चोरी में नगद राशि 600 रुपए थी लेकिन सोने चांदी के जेवरात महंगे थे। नाबालिग ने सोने के लॉकेट को सदर बाजार स्थित एक सुनार दुकान में 1600 रुपए में खपा दिया। पायल को रत्नाबांधा स्थित दूसरे सुनार के दुकान में 2500 रुपए में खपाया। इससे मिली राशि से खूब एंजॉय किया। यही नहीं मोबाइल से सिम कार्ड निकाल कर तालाब में फेंक दिया। चोरी के बाद भागते वक्त उसने पावर बैंक और एक नग चंद्रमा माला को कही गुमा डाला। चोरी के बाकी समानों को छिपा कर रखा था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### चूक से आया नाबालिग पकड़ में

चोरी की राशि और जेवर बेचने से मिली राशि को नाबालिग पचा नहीं पाया और खुलकर खर्चे करने लगा। उसके द्वारा अचानक ही खुले हाथ से खर्चे करना लोगों की नजर में आ गया। मुखबिरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पतासाजी के बाद चोरी के पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से 1 जोड़ी चांदी का खिनवा, 2 नग सोने का पत्ती, 1 नग चांदी की चन्द्रमा माला, आईटेल कम्पनी का मोबाईल एवं नगदी 600 रुपए जप्त किया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जनआक्रोश रैली और सभा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- हिन्दू सुरक्षा मंच की मठमंदिर में हुई बैठक

बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू सुरक्षा मंच के बैनर तले 3 दिसंबर मंगलवार को गांधी चौक मैदान में सभा तथा शहर में रैली का आयोजन किया गया है। जिसे हिन्दू जनआक्रोश रैली का नाम दिया है। इस संबंध में रविवार को दोपहर 3 बजे मठमंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज, वर्ग के लोग मौजूद थे।

बैठक का संचालन जितेंद्र यदु एवं घनश्याम साहू ने किया। बैठक में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रैली और सभा के सफल संचालन के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में संयोजक विजय ठाकुर, सहसंयोजक महेश शर्मा, पुष्पा ठाकुर, सदस्यों में जयप्रकाश सिन्हा, कृष्णा हिरवानी सहित अन्य नागरिकों को जिम्मेदारी दी गई।



बैठक में बताया कि 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय गांधी मैदान में एकत्रीकरण होगा। 2.30 बजे सभा होगी, जिसमें प्रमुख वक्तागण अपनी रखेंगे। 3 बजे गांधी मैदान से रैली निकलेगी जो कचहरी चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार, बालकचौक, घड़ी चौक, नेशनल हाइवे मार्ग, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकिज रोड, शिवचौक, बनियापारा होते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचेगी। जहां राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाओं को रोक लगाने बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने भारत सरकार से गुजारिश करेगी।

बैठक में गणमान्य नागरिकों ने कहा कि हिन्दुओं व अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथियों द्वारा लूट, हत्या, आगजनी व महिलाओं के साथ किए जा रहे अत्याचार बेहद चिंताजनक है। मंदिरों को गिराया जा रहा है। साधु संतों के साथ मारपीट किया जा रहा है। वहां रह रहे हिन्दू परिवार डरे हुए हैं। हिन्दुओं के मनोबल को बढ़ाने और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने के लिए जनआक्रोश रैली आवश्यक है। बांग्लादेश में शांति स्थापित करवाना जरूरी है। इस अवसर पर बैठक में धनेश्वर निर्मलकर, दिलीपराज सोनी, निर्मल बरड़िया, चंद्रकला पटेल, बिथिका विश्वास, मोहन साहू, गौरव मगर, नीलेश राजा, सरोज देवांगन, हरिवंश साहू, कोमल सार्वा, अविनाश दुबे, जितेंद्र चंद्राकर, आशीष शर्मा, हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, रामचंद देवांगन, चंद्रभान निर्मलकर, रोहित सोनी, लीना भारती सिन्हा, विनोदराव रणसिंह, राजेश तिवारी, अजय नामदेव, शंकर साहू, आयुष दीवान, अनिल दीवान सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम कोलियारी निवासी थानेश्वर उर्फ थनवर पिता राजकुमार साहू 40 साल शुक्रवार 29 नवंबर को शाम 5 बजे कुरुद से अपने बाइक क्रमांक सीजी 05 एच 7629 से घर जा रहे थे। तभी थूहा नहर पुल के पास दूसरे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एके 4009 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने जा रही बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे उसका चालक गिर गया। ग्रामीणों की मदद से 108 में सिविल अस्पताल कुरुद लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल मेमो के आधार पर शनिवार 30 नवंबर को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया। साथ ही आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# कम्पोजिट बिल्डिंग में चोर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लचर सुरक्षा व्यवस्था पर सेंध मारते हुए अज्ञात लोगों ने कंपोजिट बिल्डिंग स्थित लोक सेवा केंद्र में चोरी का प्रयास किया। लोक सेवा केंद्र में कुछ नहीं मिलने पर उन्होंने अपना गुस्सा वहां फर्नीचर और सामग्री पर उतारा। कम्प्यूटर सहित अन्य इक्यूपमेंट को नुकसान पहुंचाया।



कलेक्टोरेट में जगह कम पड़ने पर कम्पोजिट बिल्डिंग बनाकर वहां पर कई सरकारी कार्यालयों को शिफ्ट किया गया है। शिक्षा विभाग, क्रेडा, रोजगार मार्गदर्शन केंद्र, पशु चिकित्सा विभाग, जिला पंजीयक सहकारी संस्थाएं, लीड बैंक अधिकारी कार्यालय, उद्यानिकी विभाग सहित कई बड़े विभागों के कार्यालय यहां संचालित हो रहे हैं, लेकिन सुरक्षा के नाम पर यहां पर कोई भी व्यवस्था नहीं है। न तो चौकीदार है और न ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। सामने लगे बैरिकेड्स भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यहां पर मवेशियों का डेरा रहता है। सुरक्षा व्यवस्था में कमी का लाभ अब अवांछित तत्व उठाने लगे हैं। शाम रात को यहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा भी रहता है। अब तो चोर भी यहां सक्रिय हो गए हैं। शनिवार रविवार को कम्पोजिट बिल्डिंग में सन्नाटा रहता है। इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वहां के लोकसेवा केंद्र में धावा बोला। उन्होंने लोकसेवा केंद्र का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां पर चोरी की नीयत पर दराज सहित सभी स्थानों को खोजा। जब उन्हें कुछ नहीं मिला तो उत्पात मचाना शुरू कर दिया। वहां रखे सभी सामानों को बिखेर दिया और तोड़फोड़ की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# भटगांव में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम भटगांव में छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान गांव में उत्सव मनाया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हवन पूजन में पूरा गांव शामिल हुआ।

समीपस्थ ग्राम भटगांव में छत्तीसगढ़ महतारी की 6 फीट उंची प्रतिमा की स्थापना विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर शामिल हुई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में योगेश बाबर, प्रभारी सरपंच श्रीमति लक्ष्मी ध्रुव, गोविंद राम गजेंद्र, वासुदेव यादव, कुंज बिहारी, चंद्रिका सिन्हा, धीरेंद्र पांडे, रोशन साहू, प्रेमूराम सिन्हा, योगेश कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

6 इंच से लेकर 1 फीट कद के डॉग की खूब डिमांड

# अब आया शो पीस कुत्ते पालने का जमाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानव फितरत में पालतू जानवरों के प्रति स्नेह की कई कहानी व किस्से जरूर सुने होंगे। आज भी पालतू पशुओं के प्रति लोगों की दीवानगी कम नहीं है। पहले के जमाने में कुत्ता हमेशा घर के बाहर रहता था लेकिन आज के मॉर्डन जमाने में कुत्ता शोपीस हो गया है। शहर में छोटी साइज वाले सुंदर और आकर्षक विदेशी कुत्तों की डिमांड खूब हो रही है ।

रत्नाबांधा रोड स्थित बीजी बाजार के संचालक भूषण देवांगन ने बताया कि पहले लोग अपने घरों की सुरक्षा के लिए खतरनाक और हट्टा कट्टा कुत्ता पालते थे। अब मासूम और प्यारा कुत्ता पालने का दौर चल रहा है। इसे बच्चों की तरह प्यार के साथ रखा जाता है। उन्होंने बताया कि 6 से 8 इंच कद का कल्चरपाम कुत्ता खास लोगों की खास पसंद होती है। यह खिलौने की तरह सफेद रंग का होता है। इसकी कीमत 20 हजार से ऊपर की होती है। 8 से 10 इंच कद वाले पब कुत्ते की मांग खूब है। यह घर में शो पीस और बच्चों की तरह होता है। इसका रंग ब्लेक, ब्राउन होता है। इसकी कीमत 18 से 20 हजार रूपये है। घरेलू कुत्ते के रूप में लोगों की पसंद लेब्राडोर है। डेढ़ फीट साइज का यह कुत्ता गोल्डन, ब्राउन कलर का होता है। इसकी कीमत 10 हजार रूपये है। अधिकांश लोगों की पसंद लेब्राडोर होता है। वहीं पामेरियन कुत्ता 5 से 6 हजार से मिल जाता है। 12 से 15 इंच कद वाले पामेरियन झब्बू वाले होते हैं। इसे घर का सोफासेट या कारों की शोभा बढ़ाते हुए देखे जा सकते हैं। इसके अलावा लोग फार्म हाउस, पेट्रोल पंप के लिए एग्रोसिव किस्म के जर्मन सेफर्ड खरीदते हैं। इसकी कीमत 14 हजार रूपये है। बाजार में इन किस्म के कुत्तों की मांग अधिक रहती है। दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, प्रजनन काल होने के कारण अभी इन कुत्तों की मांग बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि धमतरी शहर में करीब 1 हजार परिवार में डॉग पाला जाता है।





### कुछ लोगों में बिल्ली पालने का क्रेज

बीजी बाजार में परसियन कैट की मांग खूब है। श्री देवांगन ने बताया कि इस्लाम में बिल्लियों को घरों और मस्जिद में आने की अनुमति है। इसकी अच्छी देखभाल करने से अल्लाह से माफी और प्रसन्नता मिलती है। वाइट रंग की परसियन कैट शहर में करीब 50 परिवार के यहां पाला जाता है। 12 से 15 इंच कद की इस बिल्ली की कीमत 5 हजार से अधिक की है।

### पोट्टी स्प्रे सहित फूड, शैम्पू, कंघी, नेलकटर बाजार में

संतोष साहू, हेमंत पटेल ने बताया कि कुत्ता पालने वालों के लिए कुत्ते को शौच कराना बड़ी समस्या है। अब इसका भी निदान हो गया है। बाजार में पोट्टी स्प्रे आ गया है। जिस जगह पर डॉग को शौच कराना है, वहां पोट्टी स्प्रे का छिड़काव करने पर कुत्ता वहां सूंघते हुए चला जाता है और वहीं शौच करता है। इसके अलावा डॉग फूड, कैट फूड, शैम्पू, साबुन, कंघी, नेलकटर, ड्राईबाथ स्प्रे मिलता है।

### गर्ल्स कालेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 3 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में 3 से 11 दिसंबर तक आंतरिक मूल्यांकन तीन पाली में होगी। प्रथम पाली में प्रातः 11 बजे से 12.30 तक बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीएससी भाग 2, भाग 3 नियमित, एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय पाली में दोपहर 1 से 2.30 बजे तक बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीए भाग 2, भाग 3 नियमित, एमए राजनीति विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, तृतीय पाली में 3 से 4.30 बजे तक बीकॉम प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीकॉम भाग 2, भाग 3 नियमित एवं पीजीडीसीए की परीक्षा होगी।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### टिकेश बने प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू और अखिल भारतीय तैलिक महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नवागांव सरपंच टिकेश साहू को उनके समाज के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि माता कर्मा का आशीर्वाद है कि मुझे रायपुर संभाग से अब पूरे प्रदेश स्तर का दायित्व दिया गया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंग साहू, युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मालक राम साहू व साहू समाज के प्रति आभार प्रकट किया। आगे कहा कि मैं निश्चित ही समाज के हर कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करता रहूंगा। युवाओं को समाज में आगे लाने का भरसक प्रयास करूंगा।

### विद्यार्थियों ने न्यायाधीश, अधिवक्ता, गवाह, स्टेनोग्राफर, प्लीडर की भूमिका निभायी

# विधि संकाय में मूट कोर्ट लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के विधि संकाय में मूट कोर्ट एक्सरसाइज एवं इटर्नशिप विषय के अन्तर्गत अभासी न्यायालय मूट कोर्ट का आयोजन प्राचार्य डॉ. विनोदकुमार पाठक के निर्देशानुसार तथा विधि विभागाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद तथा विषय संयोजक गायत्री लहरे तथा डॉ. सपना ताम्रकर, प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमलप्रसाद यादव, डॉ. प्रेमनाथ भारती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रथम काल्पनिक मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 हत्या से संबंधित था जिसमें अभियुक्त पर आरोप था कि उसने मृतक की हत्या गला दबाकर किया था तथा हत्या के आरोप से बचने तथा उसे आत्महत्या साबित करने हेतु मृतक के गले में गमछा बांधकर म्यार में टाँग दिया था। सत्र न्यायालय ने अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के गवाहों, सबूतों तथा तर्कों को सुनने के उपरांत न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया तथा उसे तत्काल रिहा करने का आदेश जारी किया।

प्रथम मामले में टिकेश्वर सिन्हा अभियोजन की अधिवक्ता अंकिता बंछोर, चमेली, माधुरी साहू, वर्षा साहू, दशरथ सिन्हा, सुभाष, तुमेश सिन्हा, तरूण साहू, दोपेश थे तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता ज्योति सोनी, गीतांजली यादव, हीना यादव, मीनू कोल, तुषार देवांगन, फलेश नर्मिलकर, करण, हेमचरण साहू।

सिविल मामले के अन्तर्गत हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13 (1) के अंतर्गत विवाह-विच्छेद संबंधी मामला प्रस्तुत किया गया जिसमें वादी अपने वैवाहिक जीवन से तंग आकर विवाह-विच्छेद हेतु न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था, इस मामले में प्रतिवादिनी ने कहा विवाह सात जन्मों का संबंध है इसको ध्यान में रखकर न्यायालय से निवेदन है कि प्रार्थिनी के दो बच्चों को, पिता की छत्रछाया में रखा जाय अर्थात न्यायालय विवाह-विच्छेद की याचिका निरस्त कर दे।

माननीय न्यायालय ने वादी तथा, प्रतिवादिनी के अधिवक्ता के तर्कों साक्ष्य, सबूतों तथा गवाहों के बयान के उपरान्त विवाह विच्छेद की याचिका पारित करते हुये विवाह-विच्छेद की अनुमति प्रदान किया। इस मामले न्यायाधीश की भूमिका डिगेश्वरी थी तथा वादी के अधिवक्ता टिकेन्द्र सिन्हा, अजयकुमार तथा प्रतिवादिनी की अधिवक्ता चित्रमाला साहू, थानेश्वर, पुखराज आदि थे।

उपरोक्त दोनों प्रकरण गवाहों, स्टेनोग्राफर, टाइपस्टि की भूमिका में विधि भाग 3 के विद्यार्थी थे। इस अवसर पर प्रो. पीसी चौधरी, जिला न्यायालय के अधिवक्ता शंकरकुमार देवांगन तथा विधि भाग 3, 2 तथा 1 के विद्यार्थी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. पाठक ने विद्यार्थियों के प्रस्तुतिकरण की सराहना की।

## अंचल की खबरें

### भानबाई बूथ क्रमांक 152 की अध्यक्ष बनीं



**नगरी।** भाजपा नगरी मंडल शक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 152 की बैठक हुई। श्रीमती भानबाई साहू को बूथ अध्यक्ष चुना गया। सचिव भागवती निर्मलकर, नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नपं पूर्व अध्यक्ष नंद यादव, चेलेश्वरी साहू, विकास बोहरा, हरीश साहू, सतीश नाग, नरेन्द्र नाग, कमलेश निर्मलकर, शत्रुघ्न निषाद, विष्णु साहू, रमतुला साहू, जगदीश सिन्हा, कुसुम निर्मलकर, सुनाराम यादव, सुमित्रा साहू, कृष्णा साहू, सरस्वती भारद्वाज, श्यामाबाई साहू, राहुल डागा, संतोष सिन्हा, कुमार भारद्वाज, खिलावन साहू, ओमबती साहू, दूजबाई निर्मलकर, अनीता भारद्वाज, उर्मिला यादव, रेखा यादव, होलिका साहू, कांता साहू बनाए गए।

### डनेश्वर व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोनीत



**मगरलोड।** व्यापारी संघ मेघा द्वारा एक समारोह का आयोजन किया था। सर्वसम्मति से व्यापारियों ने अध्यक्ष के लिए डनेश्वर निषाद को मनोनीत किया। उपाध्यक्ष इंद्रजीतसिंह दिग्वा, योगेश साहू सचिव, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल बैस, सहसचिव चंद्रशेखर विश्वकर्मा, किसनलाल विश्वकर्मा पुनः मीडिया प्रभारी बनाये गये। अध्यक्ष श्री निषाद ने हर परिस्थिति में मेघा के व्यापारियों को साथ लेकर चलने का आश्वासन दिया।

### विधायक प्रतिनिधि का किया सम्मान



**नगरी।** आयोध्या धाम में रामलला दर्शन व विभिन्न मंदिरों का दर्शन कर वापस नगरी लौटे भरत निर्मलकर विधायक प्रतिनिधि का पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षद्वय नागेन्द्र शुक्ला, ओमी ठाकुर, डां खेमेन्द्र साहू, महेंद्र कौशल, राजू पटेल ने श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

### जीजामगांव कालेज में संविधान दिवस मनाया गया



**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ.चोवाराम यदु ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को उल्लेखित करते हुए भारतीय संविधान की महानता, व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान व्यापक एवं सबसे बड़ा लिखित संविधान है। प्राध्यापक पुष्पा दर्रो, पृथ्वीराज साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एनएसएस के छात्रों को बैच एवं डायरी प्रदान की गई।

### समाजसेवियों ने मृतक के परिवार को दी राशन सामग्री



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सियादेही निवासी रविन्द्र सिंह गिल उम्र 33 वर्ष का 26 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। बताया जाता है कि वह किराये के मकान में रहता था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इसकी जानकारी होने पर नगर के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, सत्यम भट्ट, खेमराज साहू ने उसके परिवार के लिए राशन की व्यवस्था की। इस दौरान पन्ना ध्रुव, लक्ष्मीनारायण, छोटू समेत अन्य मौजूद थे।

# गोपालराम करेली बड़ी समिति के प्राधिकृत अधिकारी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेली बड़ी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में खट्टी निवासी गोपालराम साहू को पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने शपथ दिलाई।

प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार मानते हुए कहा कि किसानों को धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं होगी। शासन की गाइडलाइन के आधार पर खरीदी होगी। समिति के कर्मचारी किसानों के हित में काम कर रहे हैं। मंच संचालन हाईस्कूल अध्यक्ष महेंद्र साहू ने किया।

मौके पर समिति प्रबंधक नत्थू सोनकर, डेटा सहलिपिक तरुण निषाद, सरपंच डोमारसिंह साहू, उपसरपंच पदुम साहू, पंच यादराम निषाद, जितेश्वर साहू, फूलसिंग, दानेश्वर सिन्हा, थानेश्वर साहू, भोजराम साहू, राधे निषाद, एकांत साहू, मोहित कश्यप, सुमित जामरे, प्रदीप जामरे, कृपा बघेल समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# चुनाव संबंधित जिला कार्यशाला 2 दिसंबर को धमतरी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी के जिलाध्यक्ष के आह्वान पर उल्लेखित श्रेणी के पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की सदस्यता अभियान एवं जिला, मंडल, चुनाव संबंधित आवश्यक जिला कार्यशाला 2 दिसंबर 2024 को गोविंद सारंग भवन जिला भाजपा कार्यालय धमतरी में आयोजित है। उक्त कार्यशाला में अपेक्षित उल्लेखित श्रेणी की उपस्थिति की अपील किया है। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री ने दी है।

# व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा के बाजार चौक के पुराने दुकानदारों के लिए व्यावसायिक परिसर निर्माण की बुनियाद रखी गई। पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ पांच कमरे के व्यावसायिक परिसर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच चोवाराम साहू ने कहा कि 5 वर्ष के कार्यकाल में करीब 20-25 व्यावसायिक परिसर निर्माण की कार्ययोजना को अंजाम दिया गया।

मौके पर भाजपा नेता भीम देव साहू, उपसरपंच आशीष साहू, पंच कौशल साहू, ग्राम प्रमुख भुवन साहू, कृष्ण साहू, बंशीलाल साहू, यशवंत साहू, मुरारीराम साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# न्योता भोजन में बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम राजपुर निवासी पवन निषाद ने अपनी बेटी के जन्म दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल एवं शासकीय प्राथमिक नवाडीह स्कूल राजपुर के बच्चों को न्योता भोजन में खीर पूड़ी खिलाई। इस अवसर पर सरपंच प्रीतबाई कंवर, प्राथमिक प्रधानपाठक बीएल अग्निवंशी, वरिष्ठ शिक्षक विष्णुराम साहू, शिक्षक प्रमोद डड़सेना, मोहनलाल साहू, सियाराम साहू, शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा, हेमपुष्पा साहू, रसोईया मिलन कंवर उपस्थित थे।

# रासेयो से मिलती है जीवन जीने की कला : डॉ. दयालाल

- डोमा में रासेयो शिविर का समापन, स्वयंसेवकों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शाउमावि कोसमर्रा की रासेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर एवं सहायक कार्यकम अधिकारी उत्तरा गंजीर के मार्गदर्शन में मेरा युवा भारत थीम पर डोमा में आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा दयालाल साहू पूर्व जिपं सभापति थे। अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण बंजारे सरपंच डोमा ने की। विशेष अतिथि दीपक मरकाम, राजकुमार साहू पूर्व सरपंच, खेमेश्वरराव वाकड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ओमप्रकाश साहू सरपंच कोसमर्रा, गुंजन साहू, झलकराम ध्रुव बृजभान साहू, यशवंत साहू, श्यामलाल साहू, पन्नालाल साहू, महेंद्र मानिकपुरी, हरिश्चंद्र बैस, कृपाराम निर्मलकर, पोखराज साहू, संदीप बनपेला, संतराम साहू, श्यामलाल साहू थे। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। योगाचार्य हिरेन्द्र साहू, महेंद्र मानिकपुरी ने योग प्राणायाम कराया। बौद्धिक परिचर्चा में साइबर सेल के अधिकारी सन्नी दुबे, विकास, धर्मेन्द्र डड़सेना ने साइबर फ्राड से बचने के लिए कहा कि कोई नया लिंक क्लिक न करें। अपना पासवर्ड शेयर न करें। भगवानी राम शांडिल्य पूर्व प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। नशा नाश की जड़ है। डॉ दयालाल साहू ने कहा कि शिविर जीवन जीने की कला सिखाता है। पारसमणि साहू मास्टर ट्रेनर ने पोर्टल में रजिस्ट्रेशन एवं एक्टिविटी क्रिएट करने की जानकारी दी। संतोष जैन कार्यक्रम अधिकारी शाउमावि सिलौटी ने कहा कि शिविर से व्यक्तित्व का विकास होता है। जानेन्द्र बंजारे कार्यक्रम अधिकारी महषि वेदव्यास पीजी कालेज भखारा ने डिजिटल साक्षरता पर जानकारी दी। प्राचार्य चैतराम साहू एवं व्याख्याता पुष्पेन्द्र गुरू ने कहा कि शिविर में जो दिनचर्या सीखी है, उसे जीवन में उतारने का प्रयास करें। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिविर से अनुशासन, समय प्रबंधन सीखकर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

खेमेश्वर राव वाकड़े, बृजभान साहू ने कहा कि ऐसे शिविर में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। झलकराम ध्रुव, दीपक मरकाम ने भी अपने विचार रखे। सरपंच लक्ष्मीनारायण बंजारे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर स्वअनुशासित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर व्याख्याता बालकृष्ण साहू, अनिल साहू, हरिश्चंद्र नेताम समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चित्रसेन साहू ने किया।

# नेशनल अचीवमेंट सर्वे को परख के नाम से जाना जाएगा

- 4 दिसम्बर को नेशनल अचीवमेंट सर्वे (परख) द्वारा किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आगामी माह परख अंतर्गत तीसरे चरण का मूल्यांकन किया गया है। 4 दिसम्बर को नेशनल अचीवमेंट सर्वे (परख) किया जायेगा। बता दें कि इस वर्ष होने वाले नेशनल अचीवमेंट सर्वे को परख के नाम से जाना जायेगा। परख एक राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक है। जिसका अर्थ है प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण। एनसीईआरटी द्वारा सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों में बच्चों के सीखने की उपलब्धियों का आंकलन करने परख को किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण 2024 में कक्षा 3,6 और 9 कक्षा के विद्यार्थी गण शामिल होंगे। राज्य स्तर पर परख मूल्यांकन हेतु अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें राज्य स्तर, जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर, संकुल केंद्र स्तर एवं विद्यालय स्तर में परख मूल्यांकन हेतु माक टेस्ट ओ एम आर सीट में लिया जा रहा है। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार परख तीन चरणों में टेस्ट 03 का आयोजन 29 नवंबर को शासकीय प्राथमिक शाला, टेंगना के साथ साथ नगरी ब्लॉक के सभी विद्यालयों में पूरे सप्ताह भर मॉक टेस्ट लिया जा रहा है। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि परख एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण है । जिसका उद्देश्य शैक्षिक प्रगति का गहन विश्लेषण प्रदान करना है। विद्यार्थी भी समझ आधारित भाषा, गणित,पर्यावरण विषयों आनंद पूर्वक अभ्यास कार्य के द्वारा सवाल हल कर रहे हैं।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर एकलव्य ने किया खेती-किसानी का रूख

# मिर्ची की फसल से प्रति एकड़ दो लाख की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आजकल जहां युवा पीढ़ी पढ़-लिखकर विभिन्न नौकरियों की ओर अग्रसर हो रही है, वहीं जिले के मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम दुधवारा के एकलव्य साहू ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर खेती-किसानी की ओर रूख किया। शिक्षित होने के साथ-साथ उनमें खेती-किसानी की तकनीकी जानकारी हासिल करने में दिलचस्पी रही। यही वजह थी कि एकलव्य ने अपने खेतों में कम लागत और कम पानी के साथ ही अधिक उपज प्राप्त होने वाली मसाला क्षेत्र विस्तार के तहत मिर्ची की फसल ली। एकलव्य ने बताया कि वे वर्ष 2017-18 में इंजीनियरिंग पास कर खेती-किसानी करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग से सम्पर्क किया। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन से उन्हें राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत ड्रिप सिंचाई, पैक हाउस, बीज पैक योजना की जानकारी मिली। अनुदान के बारे में भी पता चला। अनुदान का लाभ लेकर 12 एकड़ क्षेत्र में मिर्च की फसल लेना शुरू किया। उन्हें प्रति एकड़ 100 से 110 क्विंटल उपज प्राप्त होती है और प्रति एकड़ दो लाख रूपये की शुद्ध आमदनी हासिल कर रहे हैं। एकलव्य ने बताया कि उनकी फसल हाथों-हाथ बिक जाती है।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

## दिव्यांगता के प्रति लोगों में सकारात्मक सोच की जरुरत : घनशयाम

**धमतरी।** भारत में तीन दिसम्बर को विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है जहां समाज कल्याण विभाग दवारा दिवयांगजनो के लिए अनेक आयोजन किये जाते है। शिक्षक घनशयाम सिंह साहू का मानना है कि -दिवयांगता अभिशाप नहीं है, क्योंकि शारीरिक अभाव को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिवयांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते है। केंद्र सरकार विभिन्न राज्य सरकारों को - दिवयांग अधिनियम के तहत सुविधाएं प्रदान कर रही है,जिसमें नि शुल्क मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन,छात्रवृति,आवश्यक उपकरण, मुख्य मंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के अंतर्गत दिवयांगजनों को रियायती दर पर चावल प्रदाय, विवाह प्रोत्साहन योजना, क्षैतिज अपार योजना सरकारी नौकरी में क्षैतिज आरक्षण, प्रशिक्षण तथा समावेशी शिक्षा के तहत पढ़ाई लिखाई, पुनर्वास केंद्र की स्थापना कर समाज कल्याण विभाग से संचालित है। आजकल सभी जिला मुख्यालय में दिव्यांगों के लिए आंकलन शिविर लगाकर उपकरण तथा पेंशन की समस्या को हल किया जा रहा है। उनकी आवागमन की सुविधाएं तथा रोजगार के लिए 2016 अधिनियम को लागू करने के साथ दिवयांगों को शिक्षण प्रशिक्षण से जोड़ना बहुत जरूरी हैं। इसके लिए शासन के साथ समाज को भी सकारात्मक सोच उत्पन्न कर बेरोजगार दिवयांगजनों के लिए अवसर प्रदान करना चाहिए।

## टुमेंद्र ने अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**सिर्री।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गुदगुदा का प्राधिकृत अधिकारी टुमेंद्र साहू को बनाया गया है। उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। मौके पर रघुनंदन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रेमलाल साहू पूर्व सोसाइटी सदस्य, पवन साहू, श्यामाचरण साहू, गोकुलराम, देवराज सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## मां के नाम एक पेड़ लगाकर ली अध्यक्ष पद की शपथ

**जीजामगांव।** प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति कचना के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अलखराम साहू ने शपथ ली। मां के नाम एक पेड़ लगाया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राधिकृत अधिकारी हेमंत साहू, पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच, मनोज साहू सरपंच प्रतिनिधि, लीलाराम साहू, नरोत्तम साहू, चंदूलाल साहू, संतोष साहू, कामता साहू, किशुन चक्रधारी, अशोक धनकर, पवन धनकर, बंशी निषाद समिति प्रबंधक समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

## कुंडेल सोसाइटी के राम आसरु बने अध्यक्ष

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुंडेल के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में राम आसरु साहू ने कार्यभार ग्रहण किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू, मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विरेंद्र साहू, खिसोरा सोसाइटी अध्यक्ष राजेश साहू, महेन्द्र साहू, भैयालाल साहू, पूर्व अध्यक्ष भुवन यादव, सरपंच कृष्णा पाल, रामेश्वर कश्यप, नूतन धृतलहरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे।

## सिलौटी स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

**कोर्रा (भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान दिवस मनाया गया। व्याख्याता संतोष जैन ने छात्र- छात्राओं व शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है।

इतवारी बाजार अपडेट : करेला, भिंडी, नवलगोल 60 रुपए किलो, सेमी, कटहल 80

# ठंड में मौसमी सब्जियों की महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का जायका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सर्द मौसम में मौसमी सब्जियां महंगी हो गई है। कीमतों में इजाफा होने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। अमूमन इस मौसम में हरी सब्जियां सस्ती हो जाती है, लेकिन इस बार महंगे दामों में बिक रहा है। जिसे लेकर लोग चौंक रहे है।

सब्जी व्यवसायी तरूण सोनकर ने बताया कि खपत की तुलना में सब्जियों की पर्याप्त आवक नहीं हो रही है। इस वजह से सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। आवक में सुधार होते ही कीमते भी कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि धमतरी शहर का बाजार पूरी तरह बाहरी आवक पर टिकी हुई है। लोकल आवक सीमित है, शहर में पहुंचने वाली सब्जियां रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गुंडरदेही आदि स्थानों से पहुंचती है।




शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई दी। लेकिन हरी सब्जियों के दामों में इजाफा होने से उन्हे मायूस होना पड़ा। लोगों ने महंगे सब्जियों को छोड़कर सामान्य दर वाली सब्जियां ज्यादा खरीदी। सब्जी विक्रेता हेमंत सोनकर, उदेराम सोनकर ने बताया कि रविवार को मुनगा 200 रुपए किलो बिका। अदरक, ढेंस, धनिया 100 रुपए किलो रहा। सेमी, कटहल 80 रुपए किलो बिका। करेला, भिंडी, नवलगोल 60 रुपए किलो रहा। गाजर, बरबट्टी, ग्वारफल्ली, तोराई, परवल 50 रुपए किलो बिका। भटा, कुंदरू, टमाटर, गोभी, हरामिर्च, पत्तागोभी, डोड़का, कोचई, शिमला मिर्च 40 रुपए किलो बिका। कुम्हड़ा, केला 30 का रहा तो वहीं लौकी, मुली 20 रुपए किलो में बिका।

### लहसुन 400 रुपए किलो

हरी सब्जियों की तुलना में किराना सामानों के रेट इस सप्ताह सामान्य है। कुछ एक सामानों के भाव बढ़े हुए हैं। जिसमें मसाले और दाल आयटम प्रमुख है। पिछले 6 माह से लहसुन के दाम चढ़े हुए हैं। सालभर पहले 50-60 रुपए तक बिकने वली लहसुन अब चिल्हर बाजार में 400 रुपए किलो बिक रही है। इसी तरह जीरा भी 300 रुपए किलो बिक रही है। अरहर दाल को उच्चतम भाव 160 रुपए किलो तक है। रिफांइड तेल पाउच 140 रुपए है। अन्य सामानों में आलू 35, प्याज 60, शक्कर 42, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 220-300, धनिया 100, कालीमिर्च 780, सरसों 75, मेथी 80, राहरदाल 120-160, मूंगदाल 110, उड़ददाल 120, मसूरदाल 85, चना देशी 85, काबूली चना 110-140, सफेद मटर 60, हरा मटर 100, चनादाल 100, पोहा 55 रुपए किलो बिका। अण्डा इस सप्ताह 85 रुपए दर्जन रहा।

## ब्लाक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने की पीसीसी चीफ से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी 02 के नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं आगामी निकाय चुनावों के संदर्भ में विमर्श कर रूपरेखा बनाई।

इस अवसर पर महामंत्रीद्वय आशुतोष खरे, अम्बर चंद्राकर, श्रीकांत तिवारी, सूरज पासवान, गीतराम सिन्हा, विशु देवांगन, पवन यादव, रुद्रा साहू, भागी ध्रुव, संजू साहू, जीत शर्मा उपस्थित रहे।

## ग्राम छाती में बूथ समितियों का निर्विरोध गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

29 नवंबर शुक्रवार को ग्रामीण साहू समाज भवन छाती में भोथली मंडल के शक्ति केंद्र छाती में बूथ क्रमांक 38, 39, 40, 41 पर बूथ अध्यक्ष और उनकी 25 सदस्यीय समिति (14 प्रमुख + 10 सदस्य) का गठन किया गया। यह प्रक्रिया चुनाव प्रभारी शशि पवार एवं सह-प्रभारी बल्ला चंद्राकर के नेतृत्व एवं मंडल महामंत्री प्रीतम साहू के मार्गदर्शन और ग्राम के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान बूथ क्रमांक 38 के लिए खिलेन्द्र चंद्राकर, बूथ क्रमांक 39 के लिए पालनहार दिली, बूथ क्रमांक 40 के लिए गजानंद चंद्राकर एवं बूथ क्रमांक 41 कुंवरलाल साहू के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमुदाय ने सर्वसम्मति से निर्विरोध समर्थन दिया गया। इसके बाद अध्यक्ष के चयन के उपरांत, समिति के सभी सदस्यों का भी निर्विरोध चयन कर टीम का गठन पूर्ण किया गया।

साथ ही शक्ति केंद्र संयोजक के लिए पारसमणि साहू का नाम निर्विरोध प्रस्तावित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्तागण जिनमें नारायण दिली, भेषज साहू, रिखीराम साहू, विजय दिली, अगेश्वर सेन, संतराम साहू, दौलत साहू, नरोत्तम साहू, परदेशी साहू, कांतु साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मराठा समाज ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मराठा समाज द्वारा वरिष्ठ जन सम्मान समारोह का आयोजन सामाजिक समरसता का परिचायक बनकर पूरे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का भाव प्रवाहित करने की दिशा में अभिनव पहल है। 30 नवंबर को वृहद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की 95 वर्ष की वरिष्ठ महिला सदस्य भी शामिल होकर सबके लिए प्रेरणा बन गईं। इस कार्यक्रम में 94 वरिष्ठ जनों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। लगभग ढाई घंटे तक चले इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण जाधव डीएफओ धमतरी रहे। विशिष्ट अतिथि द्वय लक्ष्मण राव जगताप, श्रीमती कविता बाबर रहे।

मराठा समाज के तीनों विंग के सभी अध्यक्षों एवं सदस्यों ने एकजुटता के साथ निरंतर समग्र प्रयासों से आयोजन को सफल बनाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे, जीजामाता महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती नीता रणसिंह, युवा शक्ति के अध्यक्ष सुशांत पवार, सूर्या राव पवार, माधव राव पवार, सुधीर गायकवाड, हीराराव पवार, महेंद्र गायकवाड़, अशोक कावड़े, वैभव रणसिंह, विक्रांत पवार, प्रकाश पवार, पवन जाधव, आशीष थिटे, भावना घोरपड़े, स्नेहा देशमुख, श्रीलेखा जाधव, वंदना पवार, रोशनी पवार, बबली निम्बडकर, मीता गायकवाड, कविता पवार, सुचेता लोंढे, सपना रणसिंह, रानी सावंत, नम्रता जाधव, मराठा समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज जन उपस्थित थे।

## बूथ अध्यक्षों का सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

सिर्री मंडल के ग्राम जीजामगांव के दोनों बूथों में एवं ग्राम मरौद के दोनों बूथों में संगठन पर्व मनाते हुए बूथ अध्यक्षों का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। प्रत्येक बूथ में 15 पदाधिकारियों सहित 10 सदस्य भी बनाये गये। बूथ अध्यक्षों में जीजामगांव बूथ क्रमांक 13 बूथ अध्यक्ष सावल ओगरे, बूथ क्रमांक 14 बूथ अध्यक्ष टकेश्वर साहू, मरौद बूथ क्रमांक 129 बूथ अध्यक्ष पोखराज सिन्हा, बूथ क्रमांक 130 बूथ अध्यक्ष हेमराज भार्गव निर्वाचित हुए है। भाजपा के इस महापर्व में संगठन प्रभारी के बतौर सम्मिलित होकर सभी पदाधिकारियों, नेतागणों एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा के संगठन को आगे बढ़ाने एवं मज़बूत करने के लिए बधाई दिये।

इस अवसर भाजपा सिर्री मंडल प्रभारी भानु चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष पुस्पेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता बुधारूराम साहू, रामचंद देवांगन, नारायण साहू, सोमनाथ सिन्हा, राजकुमार साहू, ढालचंद साहू, देवचरण चन्द्राकर, युवलाल चेलक, अरूण साहू, सुमन मार्कण्डेय सहित कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## धमतरी चातुर्मास पूर्ण कर विशुद्ध सागर महाराज पुनः पहुंचे कैवल्यधाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परम पूज्य महेंद्र सागर महाराज, मनीष सागर महाराज के शिष्य रत्न युवासंत, विशुद्ध सागर महाराज, जीतवर्धन महाराज, पुण्यवर्धन महाराज धमतरी में ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर आज पुनः कैवल्यधाम तीर्थ पहुंचे। पूज्य मुनि भगवन्तों के विहार के समय विहार सेवा समिति एवं मणिधारी मित्रमंडल विशेष रूप से उपस्थित रहा। आज कैवल्यधाम तीर्थ प्रवेश एवं गुरु शिष्य के अदभुत मिलन का पूरा धमतरी श्रीसंघ साक्षी बना। महेंद्र सागर महाराज, मनीष सागर महाराज द्वारा चातुर्मास हेतु विशुद्ध सागर महाराज को धमतरी भेजा गया जिसके लिए पूज्य गुरुभगवंतो का धमतरी श्रीसंघ सदैव आभारी रहेगा। विशुद्ध सागर महाराज ने इस चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाया। जो धमतरी श्रीसंघ एवं पूरे धमतरी नगर के लिए अविस्मरणीय रहेगा। साथ ही आज कैवल्यधाम तीर्थ में धमतरी श्रीसंघ की ओर से पुनः आने वाले वर्ष में चातुर्मास की विनती की गई। जिसके संबंध में पूज्य गुरुभगवंतो ने उचित विचार करने की बात कही।

कैवल्यधाम में प्रवेश के अवसर पर विजय गोलछा, संजय लोढ़ा, लूणकरण गोलछा, शांति वैद, भंवरलाल बेद, गौतम पारख, कुशल चोपड़ा, प्रतीक बैद, राहुल पारख, दर्शन बैद, कान्हा गांधी, रूपेश बरडिया, भव्य भंसाली, अलित बुरड़, धन्निबाई बरडिया, राजकुमारी पारख सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महक उठा पीजी कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का राजनीति विभाग छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू से महक उठा। छात्रों ने एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओं के साथ प्रोफेसरों ने इन व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इसके बाद संविधान दिवस पर व्याख्यान भी हुआ।

पीजी कॉलेज धमतरी के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान व विदाई के संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय, धमतरी की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर थी। व्याख्यान का विषय संविधान दिवस था। कार्यक्रम में डोमेन्द्र शर्मा, एमए प्रथम सेमेस्टर गुंजन साहू व हिना चन्द्राकर ने संविधान के बारे में विचार व्यक्त किए। एमए तृतीय सेमेस्टर से झरना साहू व भूमिका साहू ने भी संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान की प्रशंसा की। अतिथि वक्ता ने संविधान के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक लिखित दस्तावेज है। जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संरचना प्रतिक्रियाओं शक्तियों और कर्तव्यों तथा नागरिकों के अधिकार और कर्तव्यों का परिभाषित करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य के विनोद कुमार पाठक ने भी संविधान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र छात्राओं ने चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अइरसा, बोबरा आदि की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सरला तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन निशा तिवारी ने किया।

## रामसागर पारा वार्ड में बाबा गाडगे चौक का लोकार्पण

**धमतरी।** रामसागर पारा वार्ड स्थित विष्णु होटल के पास गुरुवार को संत बाबा गाडगे चौक का लोकार्पण प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा और वार्ड पार्षद श्यामा साहू ने किया।

वक्ताओं ने संत बाबा गाडगे के महान व्यक्तित्व और उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

स्वच्छता और सामाजिक सेवा के प्रति उनके समर्पण को सभी के लिए अनुकरणीय बताया गया। पार्षद श्यामा साहू ने कहा कि यह चौक न केवल संत बाबा गाडगे की स्मृति को संजोएगा, बल्कि उनके मूल्यों को समाज में बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा कि यह चौक क्षेत्र के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास का प्रतीक बनेगा।

यातायात शाखा, थाना सिटी कोतवाली, रक्षित केन्द्र का किया भ्रमण

## एनएसएस, एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं पुलिस विभाग से संबंधित कार्यों, उपकरणों, संसाधनों से अवगत कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन कम्पोजिट बिल्डिंग में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, मास्ट्रर ट्रेनर सुरेश नेताम द्वारा कैरियर गाईडेंस की जानकारी दी गई।

यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि हमेशा बायीं दिशा में चलना चाहिए, एक के पीछे एक होकर चले, झुंड में नहीं चलना चाहिए, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चले।

उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव ने बताया कि मोबाइल में आने वाले अनजान लिंक में क्लिक न करें, किसी को अपने एटीएम कार्ड का नंबर, ओटीपी नंबर, बैंक खाता नंबर नही देना चाहिए। एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स को पुलिस लाइन धमतरी, यातायात शाखा, थाना सिटी कोतवाली धमतरी का भ्रमण कराया गया। पुलिस विभाग के कार्यों, शस्त्र, संसाधनों एवं उपकरणों की जानकारी दी गई। मौके पर उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव, उपपुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चंद्रा, एनसीसी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर कुमार, एनएसएस से आकांक्षा कश्यप, भीखम साहू, यातायात से सउनि सुरेश नेताम, प्रआर कमल साहू, आरक्षक धर्मेन्द्र जांगड़े, संतोष ठाकुर उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

शोक संदेश
छोड़ चले सभी को, रुला गए सभी को
बनके नूर दिलो में, याद आते रहोगे सभी को

जन्म 05.01.1972
स्वर्गवास 28.11.2024
स्व.श्री विनोद कुमार साहू
- संपूर्ण कार्यक्रम आज -
दिनांक : 2 दिसंबर 2024, सोमवार
तालाब का संपूर्ण कार्यक्रम दोपहर 1 बजे तक
ग्राम जीजामगांव, तह. कुरूद, जि. धमतरी (छग)
शोकाकुल : दीनदयाल, जगन्नाथ, प्रभुराम, गोपाल, देवराज, तीरथ, आनंद, तोषन, मोहित, ललित, तोरन, प्रदीप, हिमांशु, रोमन, संतराम, कमल, बिजेराम, भूपेश, रिखी, शत्रुहन, मनोहर, रविशंकर, किशोर एवं समस्त साहू परिवार
- विनीत -
ढेला बाई साहू (माँ)
लता साहू (पत्नी)
पुनेश्वर साहू (भाई)
गुलशन, विनय (पुत्र)
मो. नं. 8959273781
जिस किसी सज्जन को शोक संदेश न मिला हो कृपया इसे ही आमंत्रण समझें।